अमर उजाला

Date-10.02.2026

# सीआरएसयू में 10 फरवरी से लगेगी पुस्तक प्रदर्शनी


## 65 नामी प्रकाशक होंगे शामिल, प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को मिलेगी नई दिशा

संवाद न्यूज एजेंसी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 10 व 11 फरवरी को दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के 65 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी प्रकाशकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। यह प्रदर्शनी न केवल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों बल्कि पूरे क्षेत्र के शिक्षाविदों और पुस्तक प्रेमियों के लिए ज्ञान का केंद्र बनेगी।

विद्यार्थियों के लिए विशेष अवसर और छूट विश्वविद्यालय परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में पाठ्य पुस्तकों, संदर्भ ग्रंथों, शोध सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी किताबों का विशाल संग्रह देखने को मिलेगा। इसके अलावा साहित्यिक कृतियों और सामान्य ज्ञान की हजारों पुस्तकें भी उपलब्ध रहेंगी।

आयोजकों ने बताया कि विद्यार्थियों को पुस्तकों की खरीद पर विशेष छूट भी दी जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री मिल सके।




शहर में सीआरएसयू में बनी डॉ. बीआर आंबेडकर लाइब्रेरी। स्रोत : विवि

कुलपति डॉ. प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि पुस्तकें सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं। पुस्तकें केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन नहीं बल्कि चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का आधार हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर नवीनतम शोध और पाठ्य सामग्री उपलब्ध होगी जो उन्हें आत्मनिर्भर अध्ययन के लिए प्रेरित करेगी।

### पुस्तकें चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का आधार : कुलपति

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल परिसर तक सीमित नहीं है बल्कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों के छात्र, शिक्षक और आम नागरिक भी शामिल होंगे।

कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने कहा कि डिजिटल संसाधनों के दौर में भी मुद्रित पुस्तकों का अपना एक अलग आकर्षण और महत्व है। ऐसी प्रदर्शनियां विश्वविद्यालय के अकादमिक वातावरण को ऊर्जा प्रदान करती हैं।

वहीं, असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि प्रदर्शनी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से अपील की कि वे दो दिवसीय अवसर का भरपूर लाभ उठाएं ताकि पठन-पाठन की संस्कृति को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

दैनिक जागरण
Date-10.02.2026

# सीआरएसयू में आज से पुस्तक प्रदर्शनी

जासं ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा ज्ञान, पठन-पाठन एवं अकादमिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10 व 11 फरवरी को दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। पुस्तक प्रदर्शनी में देश-विदेश के 65 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी प्रकाशकों ने भाग लेने के लिए अपनी सहमति पंजीकृत करवाई है। प्रदर्शनी में शैक्षणिक, शोध, साहित्यिक, तकनीकी एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित पुस्तकों का व्यापक संग्रह पाठकों के लिए उपलब्ध रहेगा। विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तकों, संदर्भ पुस्तकों, शोध ग्रंथों, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों, साहित्यिक कृतियों और सामान्य ज्ञान से जुड़ी पुस्तकों का विशाल संग्रह प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को पुस्तकों की खरीद पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। पुस्तक प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पुस्तक प्रेमी, शिक्षाविद् और आम नागरिक भी भाग ले सकते हैं। रजिस्ट्रार डा. राजेश बंसल ने कहा कि डिजिटल संसाधनों के इस युग में भी मुद्रित पुस्तकों का अपना विशेष महत्व है।




वीसी प्रो. रामपाल सैनी। ● सौ. विवि

पंजाब केसरी
TUE, 10 FEBRUARY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 4

# सी.आर.एस.यू. में बुक प्रदर्शनी का शुभारंभ कल से

जींद, 9 फरवरी (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा ज्ञान, पठन-पाठन एवं अकादमिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10 व 11 फरवरी को 2 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस पुस्तक प्रदर्शनी में देश-विदेश के 65 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी प्रकाशकों ने भाग लेने के लिए अपनी सहमति पंजीकृत कराई है।

प्रदर्शनी में शैक्षणिक, शोध, साहित्यिक, तकनीकी एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित पुस्तकों का व्यापक संग्रह पाठकों के लिए उपलब्ध रहेगा।




*सी.आर.एस.यू. की वह जगह, जहां पर आज से बुक प्रदर्शनी लगेगी।*

विश्वविद्यालय की यह पुस्तक प्रदर्शनी न केवल विश्वविद्यालय बल्कि क्षेत्र के शिक्षाविदों, विद्यार्थियों एवं पुस्तक प्रेमियों के लिए ज्ञानवर्धन का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होने की उम्मीद है। इस पुस्तक प्रदर्शनी में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तकों, संदर्भ पुस्तकों, शोध ग्रंथों, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों, साहित्यिक कृतियों एवं सामान्य ज्ञान से जुड़ी पुस्तकों का विशाल संग्रह प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को पुस्तकों की खरीद पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में पुस्तकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुस्तकें केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे विद्यार्थियों में ज्ञान, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक सोच का विकास करती हैं। इस प्रकार की पुस्तक प्रदर्शनी विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से आगे जाकर सीखने, नई विषय-वस्तुओं से परिचित होने तथा अपने करियर से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होती है।

उन्होंने कहा कि इस पुस्तक प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर विभिन्न विषयों से संबंधित नवीनतम पाठ्य पुस्तकें, संदर्भ ग्रंथ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी सामग्री, शोध ग्रंथ एवं साहित्यिक पुस्तकों तक पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उन्हें शैक्षणिक एवं बौद्धिक रूप से अत्यधिक लाभ होगा। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में पठन-पाठन की आदत को मजबूत करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर अध्ययन की दिशा में प्रेरित करते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने कहा कि डिजिटल संसाधनों के इस युग में भी मुद्रित पुस्तकों का अपना विशेष महत्व है। पुस्तक प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर विविध विषयों से संबंधित श्रेष्ठ सामग्री उपलब्ध कराते हैं। इससे न केवल उनकी शैक्षणिक समझ बढ़ती है, बल्कि उनमें आत्म-अध्ययन एवं ज्ञान अर्जन की भावना भी सुदृढ़ होती है। इस प्रकार के आयोजन विश्वविद्यालय के अकादमिक वातावरण को और अधिक सशक्त बनाते हैं।

केन्द्रीय पुस्तकालय के अस्सिटैंट लाइब्रेरियन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि यह 2 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों की हजारों पुस्तकें उपलब्ध होंगी, जिससे पाठकों को नवीनतम शैक्षणिक एवं शोध सामग्री से जुड़ने का अवसर मिलेगा। केन्द्रीय पुस्तकालय सदैव ज्ञान के प्रसार एवं अध्ययन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से अपील की कि वे इस पुस्तक प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और इसका भरपूर लाभ उठाएं। प्रदर्शनी 10 से 11 फरवरी तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए खुली रहेगी।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jind - 10 Feb 2026 - Page

# सीआरएसयू में बुक प्रदर्शनी आज से

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा ज्ञान, पठन, पाठन एवं अकादमिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10 व 11 फरवरी को दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस पुस्तक प्रदर्शनी में देश व विदेश के 65 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी प्रकाशकों ने भाग लेने के लिए अपनी सहमति पंजीकृत कराई है।

दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 10-02-2026

## सीआरएसयू में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी आज से

जींद| सीआरएसयू में केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा ज्ञान, पठन-पाठन एवं अकादमिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10 व 11 फरवरी को दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के 65 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी प्रकाशक भाग ले रहे हैं। प्रदर्शनी में शैक्षणिक, शोध, साहित्यिक, तकनीकी एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित पुस्तकों का विशाल संग्रह पाठकों के लिए उपलब्ध रहेगा। वीसी प्रो. राम पाल सैनी ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर नवीनतम पाठ्य पुस्तकें, संदर्भ ग्रंथ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित सामग्री, शोध ग्रंथ एवं साहित्यिक कृतियां उपलब्ध होंगी। यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के साथ-साथ संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों के लिए भी खुली रहेगी।

जगमार्ग न्यूज़ Date-10.02.2026

# सीआरएसयू में दो दिवसीय ज्ञान उत्सव आज से

दलेर सिंह

**जींद (जगमार्ग न्यूज)।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) जींद के केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा ज्ञान, पठन-पाठन संस्कृति तथा अकादमिक उन्नयन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 10 व 11 फरवरी को दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के 65 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी प्रकाशक भाग लेंगे।

पुस्तक प्रदर्शनी में शैक्षणिक, शोध, साहित्यिक, तकनीकी तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित पुस्तकों का विशाल और समृद्ध संग्रह उपलब्ध रहेगा। यह आयोजन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के साथ-साथ क्षेत्र के शिक्षाविदों एवं पुस्तक प्रेमियों के लिए ज्ञानवर्धन का एक सशक्त मंच सिद्ध होगा। सोमवार को यह जानकारी देते हुए सीआरएसयू के वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने बताया कि प्रदर्शनी में देश के विभिन्न नामी प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तकें, संदर्भ पुस्तकें, शोध ग्रंथ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित पुस्तकें, साहित्यिक कृतियां तथा सामान्य ज्ञान से जुड़ी पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी। सोमवार को सीआरएसयू के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को पुस्तकों की खरीद पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री सुलभ मूल्य पर प्राप्त कर सकें। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने कहा कि डिजिटल संसाधनों के बढ़ते उपयोग के बावजूद मुद्रित पुस्तकों का महत्व आज भी बना हुआ है। पुस्तक प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर विविध विषयों की श्रेष्ठ सामग्री उपलब्ध कराते हैं, जिससे उनकी शैक्षणिक समझ के साथ-साथ आत्म-अध्ययन की प्रवृत्ति भी सुदृढ़ होती है। ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय के अकादमिक वातावरण को और अधिक सशक्त बनाते हैं।

केन्द्रीय पुस्तकालय के असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि यह पुस्तक प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

**65 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय और विदेशी प्रकाशकों की होगी सहभागिता**

## शैक्षणिक और बौद्धिक रूप से व्यापक लाभ मिलेगा



सीआरएसयू के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर विभिन्न विषयों से संबंधित नवीनतम पाठ्य पुस्तकें, संदर्भ ग्रंथ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सामग्री, शोध ग्रंथ एवं साहित्यिक पुस्तकें उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें शैक्षणिक एवं बौद्धिक रूप से व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शनी केवल विश्वविद्यालय परिसर तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थी और शिक्षक, साथ ही बाहर से आने वाले पुस्तक प्रेमी, शिक्षाविद् एवं आम नागरिक भी इसमें भाग ले सकते हैं।